विश्व हिंदी दिवस, 10 जनवरी 2025

राजदूत श्री विनोद के जैकब का अभिभाषण

नमस्कार ,

आज *10* जनवरी को हम विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। जैसा कि आप जानते हैं सन *2006* से हर साल भारत समेत दुनिया भर में विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिंदी का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना और इंग्लिश के समान ही इसकी लोकप्रियता में वृद्धि करना है।

आज हिंदी दुनिया की सबसे ताकतवर भाषाओं में एक शामिल है। दुनिया का कोई ऐसा कोना नहीं है जहां भारतीयों की उपस्थिति न हो और जहां हिंदी का विस्तार न हो रहा हो। आज दुनिया के लगभग*209* देशों में भारतियों की संख्या करीब *35 million* है जो अपनी भाषा व संस्कृति से जुड़े हैं और हिंदी के प्रसार में योगदान दे रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की विशेष पहचान और भारतवंशियों को एकता के सूत्र में पिरोने में हिंदी एक मज़बूत कड़ी का काम कर रही है।

कुछ वर्षों में खाड़ी देशों में हिंदी का प्रसार हुआ है। अभी हाल ही में बहरीन भी एक नया *FM* रेडियो स्टेशन भी शुरू हुआ है ।

हिंदी पुस्तकों की मांग में भी साठ फीसदी बढ़ोत्तरी हुई है । दुनिया की सबसे प्रसिद्ध ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी निरंतर हिंदी शब्दों को अपने शब्दकोश में शामिल कर रही है

भारत सरकार के विभिन्न विभाग और संस्थाएं हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए कई कदम उठाते रहे है, जैसे *:* विदेश मंत्रालय द्वारा विश्व हिंदी सम्मेलन

आयोजित किया जाता है, जिसमें विश्व भर से हिन्दी विद्वान, साहित्यकार पत्रकार, विषय विशेषज्ञ तथा हिन्दी प्रेमी जुटते हैं। भारत के बाहर के विश्वविद्यालयों में हिंदी विभाग स्थापित करने के प्रयास जारी हैं और विदेशी छात्रों को हिंदी पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती हैं ।

आई सी सी आर ने *IGNOU*और केंद्रीय हिंदी निदेशालय के सहयोग से *2022* में विदेशों के विदेशी नागरिकों के लिए ऑनलाइन हिंदी कक्षाएं आयोजित की हैं । *ICCR* अपने 'विजिटर्स प्रोग्राम' के तहत हिंदी के अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आमंत्रित करता है और विदेशों में हिंदी पाठन के लिए *professors* भी भेजता है

संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर हमारे नेता अब ज्यादा से ज्यादा हिंदी में सम्बोधन कर रहे हैं जिनमे प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के *2014* से दिए गए संबोधन भी शामिल है।

आप को जानकार हर्ष होगा कि संयुक्त राष्ट्र के हिंदी सोशल मीडिया अकाउंट के साथ-साथ *UN News*की एक हिंदी वेबसाइट भी है जहां हिंदी में कार्यक्रम प्रसारित होते हैं ।

आज इस विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हम संकल्प लें कि हम हिंदी का प्रयोग और प्रचार प्रसार तथा उसकी प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे ।

धन्यवाद